संख्या-09/2021/1459/71-4-2020-जीएन-05/14

प्रेषक,

आलोक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
ग्रेटर नोएडा।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 04 मार्च, 2021

विषयः- राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा में शैक्षणिक श्रेणी के 03 पदों के सृजन के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-जी.आई.एम.एस./2020/1241,दिनांक 24.08.2020 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा की संलग्न सूची में उल्लिखित विवरण के अनुसार शैक्षणिक श्रेणी के 03 पदों को अस्थायी रूप से दिनांक 28.02.2022 तक के लिए, बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-:

1. निदेशक, संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रश्नगत पद एम0सी0आई0/एन0एम0सी0 के मानकों/गाईड-लाइन तथा संस्थान की कार्यात्मक एवं वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप हैं।
2. निदेशक, संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रश्नगत पदों का वेतनमान व पदनाम संलग्न सूची में उल्लिखित विवरण के अनुसार विद्यमान शासनादेशों/दिशा निर्देशों के अनुरूप हैं।
3. प्रश्नगत पदों पर नियुक्तियॉ पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुसंगत नियमों के अन्तर्गत की जायेगी।
4. इन पदों की अर्हता का पूर्ण निर्धारण एम0सी0आई0/ एन0एम0सी0 नई दिल्ली के मानकानुसार तथा संस्थान के बायलॉज में उल्लिखित प्राविधानानुसार सक्षम स्तर के अनुमोदन से किया जायेगा।
5. अर्हता के निर्धारण के पश्चात ही सुसंगत नियमानुसार गठित चयन समिति के माध्यम से नियमों के अन्तर्गत नियुक्तियां की जायेंगी।
6. उपरोक्तानुसार सृजित पदों पर चयन/नियुक्ति संस्थान के बायलॉज में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत राज्य सरकार के आरक्षण नियमों एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार की जायेगी

2- उक्त पदों पर होने वाला व्यय चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक-2210-05-105-03-0371-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3/285/दस-2021, दिनांक 03.03.2021 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक-: यथोक्त।

भवदीय

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या- 09/2021/1459(1)/71-4-2020-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकर, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
3- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा।
4- वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, गौतमबुद्ध नगर।
5- वित्त अधिकारी, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कासना, ग्रेटर नोएडा।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (बजट)अनुभाग-1/2/वित्त (वेतन आयोग)
7- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 09/2021/1459/71-4-2020-जी0एन0-05/2014, दिनांक 04 मार्च 2021, का संलग्नक

क्र0सं0	विभाग का नाम	पदनाम	स्वीकृत पदों की संख्या	सादृश्य वेतन बैण्ड (रूपये)
1	कम्यूनिटी मेडिसिन	ट्यूटर	02	एकेडमिक लेवल-10 (56,100-1,77,500)
2	रेडियोडायग्नोसिस	प्रोफेसर	01	एकेडमिक लेवल-14 (इन्ट्री पे रू0 1,44,200)
		कुल योग	03	

(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।